# समाचार वाणी
**ख़बर जो करें असर !**

**नाशिक** | **Friday, 25 September 2026**


# संघर्षों को जीतकर बनीं ज्योतिषी : आकांक्षा माधव घावटे (गुलस्कर)की प्रेरक दास्तान

Publisher — Published on 19 Jan 2026



जीवन ने हर कदम पर उनकी परीक्षा ली, लेकिन नियति ने उनके लिए पहले ही एक विशेष मार्ग तय कर दिया था। नासिक की सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य **श्रीमती आकांक्षा माधव घावटे (गुलस्कर)** आज हजारों लोगों को जीवन की कठिन परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिए मार्गदर्शन देने वाली विश्वसनीय सलाहकार के रूप में जानी जाती हैं। गंभीर बीमारी से जूझती एक बच्ची से लेकर स्वर्ण पदक विजेता और सम्मानित ज्योतिषी बनने तक की उनकी यात्रा बेहद प्रेरणादायक है।

### जीवन की शुरुआत मे चंमत्कार

वर्ष 1990 में मुंबई के विले पार्ले में जन्मी आकांक्षा को अपने पहले जन्मदिन से ठीक पहले एक जानलेवा बीमारी ने घेर लिया था। डॉक्टरों ने लगभग उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन उनके पिता के आयुर्वेदिक ज्ञान और अटूट विश्वास ने उन्हें नया जीवन दिया। मृत्यु के मुहाने से लौटने की यह घटना इस बात का संकेत थी कि उनका जीवन किसी विशेष उद्देश्य के लिए बना है।

परिवार बाद में नासिक में बस गया, जहाँ उन्होंने अपनी दो बहनों के साथ सादगी और संघर्ष भरे माहौल में परवरिश पाई। पिता श्री विकास चिंतामन गुलस्कर और माता श्रीमती भारती विकास गुलस्कर ने बचपन से ही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। परिवार का पुश्तैनी पतंग व्यवसाय “गुलासकर पतंगवाले” के नाम से प्रसिद्ध था, जहाँ से उन्होंने अनुशासन, उद्यमशीलता और धैर्य के गुण सीखे।

### विपरीत परिस्थितियों मे शैक्षणिक उत्कृष्टता

शुरुआती पढ़ाई में कठिनाइयों के बाद अंकशास्त्र के माध्यम से उनके नाम में एक अतिरिक्त “A” जोड़कर “Aakanksha” किया गया, जो उनके जीवन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। इसके बाद सफलता उनके कदम चूमने लगी।

कला संकाय में कॉलेज टॉपर रहीं
वक्तृत्व, निबंध और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अनेक पुरस्कार जीते
पुणे विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में प्रथम स्थान

एमए अर्थशास्त्र में भी पुणे विश्वविद्यालय में प्रथम रैंक
इसरो के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. ए.एस. किरण कुमार के हाथों दो स्वर्ण पदक प्राप्त
बी.एड. में भी नासिक में प्रथम स्थान प्राप्त किया

इस दौरान सीखी गई काउंसलिंग की कला ने अनजाने में उनके भविष्य की नींव रख दी।

**अवसाद से अध्यात्म की ओर**

अकादमिक उपलब्धियों के बावजूद स्थायी नौकरी न मिलने से वे अवसाद में चली गईं। पिता ने उन्हें ज्योतिष अध्ययन की सलाह दी ताकि जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझ सकें। यही निर्णय उनके जीवन का सबसे बड़ा मोड़ बना।

उन्होंने नासिक के ज्योतिष अभ्यास मंडल में प्रतिष्ठित गुरुओं से प्रशिक्षण लिया, एक वर्ष तक निःशुल्क सेवा दी और 2018 से व्यावसायिक परामर्श प्रारंभ किया। पिता ने घर के एक हिस्से को कार्यालय में बदलकर “आकांक्षा ज्योतिष” की स्थापना की।

**विश्वसनीय ज्योतिष सेवा की स्थापना**

2019 में श्री माधव जनार्दन **घावटे** से विवाह के बाद भी उन्होंने पूरे परिवार के सहयोग से अपनी सेवा जारी रखी। कोरोना काल में ऑनलाइन माध्यम से भी लोगों को मार्गदर्शन दिया।

आज 8 वर्षों के अनुभव के साथ वे लगभग 6,000–7,000 लोगों को परामर्श दे चुकी हैं। उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र हैं—

विवाह और दांपत्य समस्याएँ
करियर व शिक्षा मार्गदर्शन
संतान प्राप्ति संबंधी परामर्श
वास्तु सलाह
प्रश्न कुंडली व रत्न परामर्श

उनकी शैक्षणिक योग्यताओं में नक्षत्र भास्कर, न्यूमेरोलॉजी विशारद, रत्न विशारद, वास्तु आरंभ सहित कई उन्नत प्रमाणपत्र शामिल हैं।

**राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान**

उनकी सेवाओं के लिए उन्हें अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं—

नारी शक्ति सम्मान 2025 – ग्लोबल एजुकेशन एंड मीडिया फाउंडेशन
श्रेष्ठ भारत पुरस्कार – रीचवर्थ पीआर
मानद डॉक्टरेट 2025 – ज्योतिष काउंसलिंग एवं सामाजिक कार्य
भारत गौरव पुरस्कार
राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान
छत्रपति शिवाजी महाराज भव्य पुरस्कार

**सामाजिक परिवर्तन की आवाज**

आकांक्षा केवल ज्योतिषी ही नहीं, बल्कि सामाजिक चिंतक भी हैं। वे युवाओं में देर से विवाह और अवास्तविक अपेक्षाओं जैसे मुद्दों पर खुलकर बात करती हैं। सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन और काउंसलिंग के माध्यम से स्वस्थ परिवार निर्माण की समर्थक हैं।

**व्यवसाय नहीं, सेवा है ज्योतिष**

आकांक्षा के लिए ज्योतिष केवल पेशा नहीं, समाज सेवा का माध्यम है। मृत्यु के द्वार से लौटकर हजारों लोगों की मार्गदर्शक बनने तक की उनकी यात्रा यह सिद्ध करती है कि जब विश्वास और संकल्प साथ हों, तो संघर्ष ही सफलता की सीढ़ी बन जाते हैं।

**सम्मान और पहचान**

**श्रीमती आकांक्षा माधव घावटे (गुलस्कर)** की इस शानदार उपलब्धि को **“Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025”** जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना

गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

## भव्य पुरस्कार समारोह

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
? **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री
? **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
? **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.